मालिक का विश्वासघात
कॉर्पोरेट धोखे के गलियारों में सामने आने वाला साइबर घोटाला
क्या! बॉस ने मैसेज किया
मंदीप सिंह, कार्यपालक अभियंता अपने काम में तल्लीन हैं।
TIIIINNNGGG
12:45 PM
New Message received
New Message received
New Message received
TIIIINNNGGGG
9830 88XXX
online
आशा है कि कार्यालय में सब कुछ ठीक है।
मैं ज़रूरी मीटिंग में हूँ! फ़ोन पर उपलब्ध नहीं हो पाऊँगा।
क्या आप रु.5000 मूल्य के 20 XYZ गिफ्ट कार्ड की व्यवस्था कर सकते हैं?
यह बहुत ज़रूरी है!!!
Message
फ़ोन नंबर तो नहीं पहचाना जा सका लेकिन प्रोफ़ाइल फ़ोटो मेरे बॉस की है। हो सकता है कि यह बॉस का निजी नंबर हो और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मुझसे यह अनुरोध किया हो। मुझे उनका अनुरोध मान लेना चाहिए।
THANK YOU!
XYZ eGift Card
₹1,000.00
Add to cart
Buy Now
उसने बॉस के कहे अनुसार प्लेटफॉर्म से गिफ्ट कार्ड खरीदे।
9830 88XXX
online
महोदय, मैंने आपकी आवश्यकता के अनुसार उपहार कार्ड खरीद लिए हैं।
बहुत बढ़िया। अब कृपया नीचे दिए गए खाता संख्या पर रु.1.5 लाख भेज दीजिए।
खाता : 1234XXXXXXXXXX
आईएफएससी : ABCD0XXXXXX
इसे गोपनीय रखें!
मैं क्या करूँ? वह फिर से पैसे मांग रहा है।
Payment Successful!
Rs 150000
Transfared to
ABC BANK XXXXXX
9830 88XXX
online
महोदय, मैंने धनराशि उक्त खाते में अंतरित कर दी है।
Rs 150000
बहुत बढ़िया!
धन्यवाद
मनदीप ने दिए गए खाता नंबर में रु.1.5 लाख अंतरण कर दिए और अपने बॉस को जवाब दिया।
TIIIINNNGGG
1:42 PM
New Message received
TIIIINNNGGGG
कुछ ही मिनटों के बाद, मनदीप को फिर से एक अज्ञात नंबर से उसके बॉस की प्रोफाइल तस्वीर के साथ एक व्हाट्सएप संदेश प्राप्त हुआ।
4589 88XXX
online
मेरे पिछले नंबर में कुछ समस्या है।
मुझे तत्काल रु. 2 लाख की जरूरत है।
यहां भुगतान लिंक है।
अभी भुगतान करें। यह बहुत जरूरी है।
गोपनीय !!
Click to pay -bitly.xx/payxxxbx
Message
मेरे पास अभी इतनी रकम नहीं है। मुझे तुरंत बॉस सचिवालय को यह बात बतानी चाहिए। हो सकता है कि मुझे इस मामले में उनसे कुछ मदद मिल जाए।

महोदया, कृपया मेरी मदद करें।
क्या! यह कैसे संभव है? बॉस अपने चैंबर में हैं। हमें तुरंत अपने बॉस से इस मामले पर बात करनी चाहिए।
मनदीप ने बॉस सचिवालय को फोन किया और पूरी स्थिति की जानकारी दी।


यह मैसेज फर्जी है। कोई मेरी तस्वीर का इस्तेमाल करके आपको ठग रहा है। आपने मुझे सीधे फोन क्यों नहीं किया ?
अब, मैं समझ सकता हूँ कि छद्मवेश के जरिए मेरे साथ धोखाधड़ी की जा रही थी।
जल्द ही बॉस के चैंबर में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।


आजकल, धोखेबाज वरिष्ठ अधिकारियों / संगठनों के शीर्ष प्रबंधन की तस्वीर के साथ, व्हाट्सएप, टेलीग्राम आदि जैसे त्वरित संदेश ऐप के माध्यम से फर्जी संदेश भेज रहे हैं और सहयोगियों से तत्काल मौद्रिक सहायता की मांग कर रहे हैं।
चेतावनी संकेत
संस्था के वरिष्ठ अधिकारियों/शीर्ष प्रबंधन से आने का दिखावा करता है।
तत्काल कार्रवाई के लिए दबाव बनाना।
तत्काल मौद्रिक सहायता की मांग करना, जैसे गुमनाम खाते में धन हस्तांतरण, उपहार कार्ड खरीदना
फोन पर किसी निश्चित अवधि के लिए संबंधित अधिकारी/शीर्ष प्रबंधन की अनुपलब्धता के बारे में सूचित करना।
अनजान व्हाट्सएप नंबर से आने वाले संदेशों पर भरोसा न करें।
किसी भी अजनबी के कहने पर कभी भी पैसे का लेन-देन न करें या गिफ्ट कार्ड न खरीदें।
संदेश की प्रामाणिकता की पुष्टि हमेशा संबंधित व्यक्ति को फोन करके या ज्ञात विश्वसनीय स्रोतों से करें।